# 55 लाख की डकैती करने वाले गिरफ्तार

## 35 लाख रुपये किए बरामद, 20 लाख की तलाश जारी

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 15 मार्च.** **श्यामला हिल्स थाना इलाके में 55 लाख रुपये की डकैती करके फरार हुए 12 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपियों के पास से 35 लाख रुपये बरामद किए गए हैं.**

मामले में फरार अन्य आरोपियों और लूट के 20 लाख रुपये की तलाश अभी जारी है. डकैती के मामले में आरोपियों तक जल्द पहुंचने वाली क्राइम ब्रांच के साथ ही थाने की टीम को जल्द ही इनाम घोषित किया जा सकता है. पुलिस की गिरफ्त में आए



आरोपियों से फिलहाल पूछताछ की जा रही है.

पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 मार्च को फरियादी दिव्यांग बरोट (25) निवासी चुनाभट्टी ने श्यामला हिल्स थाने में शिकायत दर्ज कराई. बरोट ने पुलिस को बताया कि दो अज्ञात स्कूटी सवार लड़कों ने उनकी गाड़ी रोककर बैग में रखे 55 लाख 50 हजार रुपये (पचपन लाख पचास हजार रुपये) छीन कर भाग निकले. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू की. डकैती करने वाले आरोपियों हैदर उर रहमान, फाजिल उर्फ भूरा, अलफेज अली, मुज्जमिल, शान डिसेन्ट उर्फ उमाम, सोहेल उर्फ गुड्डा, अनवर शेख, शानू उर्फ साजिल अहमद, सलमान समद, गौरव चेतवानी और फैसल खान को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस आयुक्त ने मामले में फरदीन, जावेद, आसिम के साथ ही अन्य आरोपियों के शामिल होने और जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की बात कही है. पुलिस आयुक्त ने बताया के मामले में कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम को इनाम दिलवाया जाएगा. इस मौके पर पुलिस आयुक्त के साथ, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश कुमार गोस्वामी सहित अधिकारी मौजूद रहे.

6 आरोपियों के खिलाफ पूर्व में आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं. इसके साथ ही अन्य 6 आरोपियों ने वारदात की योजना बनाई थी, जिसका खुलासा आरोपियों ने किया है. आरोपियों के पास से पुलिस ने लगभग 35 लाख रु. ह्यनगदी, 2 मोटर साइकल, एक स्कूटी, एक सवारी ऑटो और 9 मोबाइल फोन जब्त किए हैं. आरोपी गौरव चेतवानी अकाउंटेंट का काम करता है. उसने ही डकैती की साजिश रची थी, उस पर करीब 5 लाख का कर्ज था. गौरव ऑनलाइन सट्टा खेलने का आदी था. हवाला के रुपये को लेकर गौरव ने अपने दोस्त अनवर शेख के साथ योजना बनाई. अनवर शेख ने अपने एक और दोस्त अब्दुल नवेद से इस पर बात की. नवेद ने आसिम सहित अन्य लोगों से इस पर बात करते हुए राजी किया. घटना के एक दिन पहले आसिम, नवेद, सलमान, शानू, भोपाल टॉकीज के पास मिले, जिन्होंने हवाला का पैसा लूटने की योजना बनाई, उसी दिन नवेद, आसिम, फैसल व अनवर ने हवाला का पैसा ले जाने का पूरे रूट की रैकी की. आरोपियों ने घटना वाली रात आंचलिक विज्ञान केन्द्र के पास फरियादी के वाहन के सामने पहले गाड़ी अड़ाई और छुरी निकालकर डराते, धमकाते हुए रूपयों से भरा बैग छीन कर भाग निकले.

# हमीदिया में फायरिंग करने वाले बदमाश पुलिस गिरफ्त से दूर

**▸ दो थानों की पुलिस कर रही तलाश**

**भोपाल, 15 मार्च. अशोका गार्डन और कोहेफिजा थाना इलाके में फायरिंग करने वाले बदमाश घटना के 40 घंटे से अधिक समय बीते जाने के बाद पुलिस की पकड़ से दूर हैं. शहर में बेखौफ होकर बदमाशों ने हमीदिया अस्पताल परिसर में फायिरंग की और फरार हो गए.**

पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने फायरिंग करने वाले बदमाशों की तलाश जारी रहने की बात कही है. उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी संभव है. अब सवाल यह उठता है कि शहर में बदमाशों के हौंसले इतने बुलंद हैं कि वह जब चाहे, जहां चाहें वारदात कर सकते हैं. फायिरंग करने वाले बदमाशों को पुलिस और कानून का भय जरा सा भी नहीं है. वारदात करने के बाद बदमाश अब सुरक्षित ठिकाने पर बैठ गए हैं, जहां पुलिस को पहुंचने में समय लग रहा है.

अशोका गार्डन में कुख्यात बदमाश लल्लू रईस अपने परिवार के साथ रहता है. शनिवार को सुबह लल्लू रईस के घर पर शादाब गेट ने अपने गिरोह के साथ फायरिंग शुरू कर दी थी. इस दौरान लल्लू रईस के बेटे इमरान के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया. इमरान को इलाज के लिए जब हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, तो बदमाशों ने वहां पहुंचकर भी फायरिंग करनी शुरू कर दी. अस्पताल में गोलीबारी चलने की सूचना पर अब कोहेफिजा और अशोका गार्डन थाना पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है. फरार बदमाश शादाब गेट और गिरोह के बदमाशों की तलाश की जा रही है.

> फरार बदमाश शादाब गेट और गिरोह के बदमाशों की तलाश की जा रही है. लल्लू रईस और शादाब गेट के परिवारों के बीच पुरानी आपसी रंजिश की बात अबतक सामने आई है. वारदात में फायिरंग करने वाले आरोपियों की तलाश में दोनों थानों की पुलिस टीम जुटी है.

# इल्लीगल गैंग के आरोपी की मंगेतर के खाते में रुपये हुए थे ट्रांसफर

## मामले में सीमा को भी आरोपी बना सकती है पुलिस

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 15 मार्च. कोहेफिजा थाना पुलिस इल्लीगल गैंग मामले में जांच कर रही है. पुलिस की जांच में अब मुख्य आरोपी आकाश उर्फ भूरा हड्डी की मंगेतर सीमा के खिलाफ भी सबूत मिलने की जानकारी सामने आई हैं.**

हनी ट्रैप और उगाही रैकेट की जांच में पुजारी राकेश खेमनिया से ली गई फिरौती की भूरा हड्डी की मंगेतर सीमा के बैंक खाते में ट्रांसफर की गई थी. यह राशि ऑनलाइन ट्रांसफर होने से पुलिस के सामने अन्य डिटेल आ गई है. माना जा रहा है कि पुलिस अब सीमा को भी आरोपी बना सकती है. कोहेफिजा पुलिस के मुताबिक सीमा को भी अब जांच के दायरे में लिया गया है. पुलिस अभी यह पता लगाने में जुटी है कि सीमा को इस बात की जानकारी थी या नहीं. पूरे मामले की जानकारी अगर सीमा को पहले से थी, तो पुलिस उसे जल्द ही आरोपी बनाएगी. इसके साथ ही सीमा इस गैंग के बारे में कितना जानती है और उसे क्या जिम्मेदारी गैंग को लेकर मिली थी. इस तरह के सवालों के जवाब पुलिस तलाश रही है. बता दें कि इल्लीगल गैंग का खुलासा होने और आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद सीमा खुद ही थाने पहुंची. सीमा ने इस दौरान रोते हुए पुलिस से अपने मंगेतर के साथ शादी कराने की जिद की. पुलिस की जांच में अब सीमा के भी गैंग से जुड़ने के साक्ष्य सामने आ रहे हैं. मामले में कोहेफिजा थाना पुलिस जल्द ही पुलिस सीमा से पूछताछ करेगी.

# गश्त के दौरान इनामी आरोपी गिरफ्तार

**▸ 30 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से की कार्रवाई**

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 15 मार्च. ईंटखेड़ी इलाके में पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त करते हुए 2 हजार रुपये के फरार इनामी आरोपी के साथ अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया. पुलिस ने वारंटियों की धरपकड़ करते हुए अवैध शराब भी जब्त की.**

पुलिस के मुताबिक जिले में फरार अपराधियों की धरपकड़, वारंटियों की गिरफ्तारी और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से शनिवार-रविवार की दरमियानी रात विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया. इस दौरान अलग-



अलग पुलिस टीमों ने फरार आरोपियों और वारंटियों की तलाश में उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी. गुंडा एवं निगरानी बदमाशों की सघन चेकिंग की इस मौके पर की गई. कॉम्बिंग गश्त के दौरान 30 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की. पुलिस ने इस दौरान 12 स्थायी वारंटी, 8 वारंटी तामील, 10 जमानती वारंट, 15 समंस तामील, 14 गुंडा/निगरानी बदमाशों की चेकिंग की कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया.

> अभियान के दौरान साल 2020 से फरार 2 हजार रुपये के इनामी वारंटी आरोपी संजीव मेहतर को नबीबाग झुग्गी थाना निशातपुरा से गिरफ्तार किया गया. इसके अतिरिक्त आबकारी एक्ट के तहत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 2 प्रकरण दर्ज कर कुल 37 क्वार्टर देशी प्लेन शराब जब्त की. थाना ईंटखेड़ी के रहने वाले आरोपी कमलेश कुशवाहा (39) के पास से 17 क्वार्टर देशी मदिरा जब्त की गई. थाना परवलिया सड़क रहवासी आरोपी प्रकाश मेहरा (37) के पास से 19 क्वार्टर देशी मदिरा जब्त करते हुए पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया.

# लोकायुक्त पुलिस ने नगर निगम कार्यालय में फिर मारा छापा

**▸ वित्तीय अनियमितता के मामले में कार्रवाई जारी**

**भोपाल, 15 मार्च.** लोकायुक्त पुलिस की नगर निगम कार्यालय में छापेमार कार्रवाई जारी है. रविवार को माता मंदिर स्थित कार्यालय में छापा मारा. वित्तीय अनियमितता के मामले को लेकर लोकायुक्त टीम की कार्रवाई नगर निगम कार्यालय में लगातार चल रही है.

तीन दिन पहले भी टीम ने निगम कार्यालय में छापामार कार्रवाई की थी. जानकारी के मुताबिक निगम के संचालित सॉफ्टवेयर की मदद से तैयार फर्जी बिल और बिना काम के ही हुए करोड़ों रुपए के भुगतान के मामले में लोकायुक्त पुलिस की कार्रवाई जारी है. सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है कि पुलिस को इस दौरान बड़े पैमाने पर सेंट्रल वर्कशॉप नगर निगम में वित्तीय अनीयमितताओं के साक्ष्य मिले हैं. यहां निगम की गाड़ियों से जुड़े मैकेनिकल काम होते हैं. लोकायुक्त की टीम के पास जब्त करीब 10 साल के दस्तावेज और सर्वर डाटा है. इसकी जांच की जा रही है और मामले में संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है. लोकायुक्त को पूर्व में मिली शिकायत के आधार पर जांच की कार्रवाई लगातार की जा रही है.

# सीहोर और रायसेन जिले में शत्रु संपत्तियों की जांच की मांग

**▸ भोपाल में 7 अधिकारियों की जांच कमेटी का गठन**

**भोपाल. शत्रु संपत्तियों की जांच के लिए सीहोर और रायसेन जिले के कलेक्टर द्वारा जांच कमेटी के गठन करने की प्रमुख सचिव राजस्व, कमिश्नर भोपाल संभाग से मांग की गई है. समाजसेवी अमिताभ अग्निहोत्री ने इस संबंध में ज्ञापन प्रस्तुत किया है.**

अग्निहोत्री ने बताया कि प्रमुख सचिव राजस्व मप्र शासन, कमिश्नर भोपाल संभाग, उपसचिव राजस्व विभाग म.प्र. शासन एवं नोडल अधिकारी शत्रु संपत्ति को एवं अवर सचिव, राजस्व विभाग, म.प्र. शासन को ज्ञापन सौंपकर मांग की है. उन्होंने बताया कि पूर्व भोपाल रियासत के अधिकार क्षेत्र में वर्तमान भोपाल जिले, सीहोर जिले एवं रायसेन जिले थे. भोपाल जिले की शत्रु सम्पत्तियों की जाँच के लिए जिला कलेक्टर ने 7 अधिकारियों की जांच कमेटी का गठन किया, इसी प्रकार सीहोर जिले एवं रायसेन जिले की शत्रु सम्पत्तियों की जांच के लिए सीहोर कलेक्टर एवं रायसेन कलेक्टर द्वारा जांच कमेटी गठित की जाए.

उन्होंने बताया कि 'भारत सरकार के गृह विभाग के अंतर्गत कस्टोडियन विभाग ने 24.02.2015 के आदेश द्वारा आबिदा सुल्तान को भोपाल नवाब का उत्तराधिकारी मान्य किया. चूंकि आबिदा सुल्तान पाकिस्तानी नागरिक थी, इसलिए भारत सरकार के गृह विभाग अंतर्गत 'कस्टोडियन विभाग' द्वारा 24.02.2015 को भोपाल नवाब की समस्त चल एवं अचल संपत्ति को शत्रु संपत्ति घोषित किया. इसी तरह कलेक्टर भोपाल ने शत्रु संपत्तियों की जांच के लिए 7 अधिकारियों की जांच कमेटी का गठन किया. अग्निहोत्री ने अपील करते हुए कहा कि पूर्व भोपाल रियासत के अधिकार क्षेत्र में भोपाल जिले, रायसेन जिले एवं सीहोर जिले के क्षेत्र आते थे.

अत: जिस प्रकार भोपाल जिले की शत्रु संपत्तियों की जांच के लिए 7 अधिकारियों की जाँच कमेटी का गठन किया है, उसी प्रकार सीहोर जिले एवं रायसेन जिले की शत्रु संपत्तियों की जांच के लिए सीहोर जिले के कलेक्टर से शत्रु संपत्ति की जांच के लिए कमेटी का गठन करवाने और रायसेन जिले की शत्रु संपत्तियों की जांच के लिए कलेक्टर से जांच कमेटी के गठन की मांग की है.

# पुलिस ने शातिर चोरों को किया गिरफ्तार, रुपये और आभूषण किए बरामद

**भोपाल, 15 मार्च. कटारा हिल्स थाना पुलिस ने शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने चोरी गए चांदी के करीब 40 हजार रुपये के जेवरात बरामद किए.**

पुलिस के मुताबिक गुरुवार को फरियादी हेमराज पैरवाल (45) निवासी ग्राम रापडिया ने शिकायत दर्ज कराई थी. पुलिस ने चोरी गए जेवरात के प्रकरण पर कार्रवाई शुरू की. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों की तलाश के लिए घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की. शुक्रवार को पुलिस ने संदिग्धों की पहचान की. संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर चोरी की वारदात का खुलासा हुआ.

आरोपियों की पहचान अखिलेश परमाल (25) और बंटी प्रजापति (25) निवासी ग्राम रापडिया के रूप में की गई. पुलिस ने आरोपियों के पास से करीबन 40 हजार रुपये की कीमत के चांदी के जेवरात बरामद किया. आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया.

# फ्लाईओवर निर्माण कार्य के चलते मार्ग परिवर्तित

**▸ यातायात पुलिस ने आम जनता से की अपील**

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 15 मार्च. बैरागढ़ क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी द्वारा लाउखेड़ी सीवेज पम्प हाउस से नगर निगम विसर्जन घाट तक फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण चल रहा है. इसके चलते यातायात दबाव अधिक होने की आशंका बनी होती है.**

यातायात पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि खजूरी बायपास से शहर में प्रवेश करने वाले वाहन, जिनको बैरागढ़ में कोई कामकाज नहीं हो. वह वाहन शहर में प्रवेश करने के लिए खजूरी बायपास से बायपास रोड का उपयोग कर मुबारपुर से दाहिने मुड़कर गांधीनगर, ह्यहें प्रवेश करें, इसी प्रकार शहर से वाहन निकलने के लिए लालघाटी, गांधीनगर, मुबारकपुर बायपास बायपास मार्ग का उपयोग कर अपने गन्तव्य की ओर आवागमन करें, जिससे किसी भी प्रकार की यातायात असुविधा से बचा जा सकें.



# गुनगा थाने इलाके में 55 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की

**भोपाल, 15 मार्च. गुनगा थाना इलाके में पुलिस ने बढ़ती सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए भारी वाहनों की चेकिंग का अभियान चलाया. रविवार को पुलिस ने बसों और डंपरों की चेकिंग करते हुए 55 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की.**

सड़क दुर्घटना होने वाले स्थानों दुपाड़िया सीएनजी पेट्रोल पंप के सामने और ग्राम लालघाटी बैरसिया भोपाल मेन रोड पर चेकिंग अभियान चलाया गया. इस मौके पर एसडीएम बैरसिया आशुतोष शर्मा, एसडीओपी बैरसिया वैशाली कराहलिया, आरटीओ अधिकारी जितेन्द्र शर्मा, थाना प्रभारी उनि. कृष्णा ठाकुर, थाना प्रभारी बैरसिया वीरेन्द्र सेन हमराह स्टाफ के द्वारा बढ़ते सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए बसों और डंपरों की चेकिंग की गई. साथ ही एलपीजी के अवैध परिवहन की भी चेकिंग की गई. नियमों का उल्लंघन करने वालो के खिलाफ कुल 55 चालानी कार्रवाई की गई, जिसका समन शुल्क 94, 200 रूपये है, एवं तीन बसों के फिटनेस निरस्त की कार्रवाई की गई.

# वन रक्षक और जेल प्रहरी भर्ती के लिए आवेदन की तारीख बढ़ी




**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 15 मार्च. मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल ने वन विभाग और जेल विभाग की संयुक्त भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है. अब अभ्यर्थी 30 अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे.**

बता दें पहले आवेदन की अंतिम तिथि 14 मार्च निर्धारित थी. मंडल द्वारा जारी सूचना के अनुसार कुल 1679 पदों पर भर्ती की जा रही है. इसमें वन रक्षक, क्षेत्र रक्षक, जेल प्रहरी और सहायक जेल अधीक्षक के पद शामिल हैं. भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 27 फरवरी 2026 से शुरू की गई थी. अब अंतिम तिथि बढ़ने से ऐसे उम्मीदवारों को राहत मिली है, जो अब तक आवेदन नहीं कर पाए थे. इच्छुक अभ्यर्थी कर्मचारी चयन मंडल की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं.

मंडल ने आवेदन के साथ ही फॉर्म में त्रुटि सुधार के लिए करेक्शन विंडो की तारीख भी बढ़ा दी है, जिससे अभ्यर्थी अपनी जानकारी में आवश्यक संशोधन कर सकें. बड़ी संख्या में पद होने के कारण इस भर्ती को युवाओं के लिए महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है.

## पद वृद्धि की मांग को लेकर शिक्षक अभ्यर्थियों का आंदोलन 24 से

शिक्षक भर्ती में पदों की संख्या बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदेश के हजारों अभ्यर्थी एक बार फिर राजधानी में आंदोलन की तैयारी में हैं. माध्यमिक शिक्षक वर्ग 2 और प्राथमिक शिक्षक वर्ग 3 भर्ती के अभ्यर्थियों ने 24 मार्च से भोपाल में बड़े धरना प्रदर्शन का ऐलान किया है. अभ्यर्थियों का कहना है कि दोनों भर्तियों में बहुत कम पद घोषित किए गए हैं, जिससे बड़ी संख्या में योग्य उम्मीदवार चयन से बाहर हो गए हैं. पदवृद्धि की मांग को लेकर अभ्यर्थी पिछले कई महीनों से लगातार आंदोलन कर रहे हैं और कई बार भोपाल पहुंचकर सरकार के सामने अपनी बात रख चुके हैं.


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, म.प्र. लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग, भोपाल**
**शेड क्र.-8, बारह दफ्तर, जवाहर चौक, भोपाल**
**फोन- 0755-2775346**
**वेबसाइट: www.mppwd.nic.in, ई-मेल: eepwdbribpl@mp.nic.in**

क्र.945/सेतु/व.ले.लि./2026 भोपाल, दिनांक 12/3/2026

**निविदा सूचना**

द्वितीय आमंत्रण

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत ट्रेवल एजेंट्स/ निवेशकर्ताओं से लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल के अंतर्गत निम्न प्रकार के वाहन शासकीय निर्माण कार्यों के निरीक्षण हेतु मासिक दर पर किराए पर लेने हेतु मुहरबंद निविदाएं दिनांक 26/3/2026 को सायं 5 बजे तक पंजीकृत डाक से आमंत्रित की जाती हैं.

निविदा के साथ रुपए 50,000/- (रुपए पचास हजार) की अमानत राशि कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग भोपाल के नाम बैंक एफडीआर अलग लिफाफे में देय होगी.

**विवरण निम्नानुसार है :-**

| स. क्र. | वाहन का प्रकार | मॉडल का वर्ष | वाहन जहां उपयोग में ले जाना है | अनुमानित संख्या | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | इनोवा | सन् 2023 या बाद का | संपूर्ण मध्यप्रदेश के समस्त जिले | 2 | 12 माह |
| 2. | स्कॉर्पियो अथवा समकक्ष | सन् 2023 या बाद का | संपूर्ण मध्यप्रदेश के समस्त जिले | 1 | 12 माह |
| 3. | बोलेरो | सन् 2023 या बाद का | संपूर्ण मध्यप्रदेश के समस्त जिले | 7 | 12 माह |
| 4. | टाटा इंडिका | सन् 2023 या बाद का | संपूर्ण मध्यप्रदेश के समस्त जिले | 1 | 12 माह |

जिन ट्रेवल एजेंट्स/ निवेशकर्ताओं के पास उपरोक्तानुसार वाहन टैक्सी कोटे में रजिस्ट्रेशन हो, वे ट्रेवल्स/ निवेशकर्ता पन्द्रह दिन में रजिस्ट्रेशन का एफिडेविट प्रस्तुत कर देंगे. वे आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं. संतोषजनक सेवा देने पर यह अनुबंध अगले वित्तीय वर्ष 2027-28 के लिए भी बढ़ाई जा सकती है. वे अपना आवेदन पूर्ण विवरण अनुसार प्रस्तुत करें. निविदा प्रपत्र में किसी भी कार्य दिवस कार्यालयीन समय में विक्रय दिनांक 24/3/2026 तक आवश्यक दस्तावेज के परीक्षण कराने के उपरान्त रुपए 5,000/- (पांच हजार रुपए) नगद जमा कर प्राप्त की जा सकती है. डाक से निविदा प्राप्त नहीं होने पर जवाबदारी विभाग की नहीं होगी. निविदाएं दिनांक 2/4/2026 को 11.30 बजे इच्छुक निविदाकारों के समक्ष खोली जावेंगी. निविदा संबंधी विस्तृत विवरण व शर्तें किसी भी कार्यालयीन दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं.

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग, भोपाल

G27303/25



**कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश**
**मध्यप्रदेश निर्वाचन सदन, 17, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011**
**दूरभाष (कार्या.): 0755-2550488, 2550412, 2570414, 2446602,**
**फैक्स- 0755-2555162**

फा.क्र. 9/स्टोर/2026/1505 भोपाल, दिनांक: 10/3/2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालयीन उपयोग हेतु लेखन सामग्री एवं अन्य सामग्री प्रदाय/ क्रय करने हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं. निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी मध्यप्रदेश टेंडर के पोर्टल www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है. इच्छुक निविदाकर्ता उपरोक्त पोर्टल के माध्यम से निर्धारित शुल्क जमा कर नियम/ शर्तों के तहत निविदा भरने की कार्यवाही अंतिम तिथि के पूर्व जमा कर सकते हैं.

| | |
|---|---|
| Published Date | 11-3-2026 |
| Document Download/ Sale Start Date | 11-3-2026 |
| Bid Submission Start Date | 11-3-2026 |
| Document Download/ Sale Closing Date | 1-4-2026 |
| Bid Submission Closing Date | 1-4-2026 |
| Bid Opening Date | 2-4-2026 |

(सुरभि तिवारी)
उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी
मध्यप्रदेश

G27344/25